# राजकीय महाविद्यालय सलूणी, जिला चम्बा, हिमाचल प्रदेश

# वार्षिक प्रतिवेदन
## 2024-25

**वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभावसर पर सेवा में प्रस्तुत**

## श्रीमती आशा कुमारी जी
## आदरणीय पूर्व शिक्षा मंत्री, हिमाचल प्रदेश

**संपादकीय**
श्रीमती पिंकी देवी एवं श्री शुभम डोगरा

**प्रस्तुतकर्त्ता**
डॉ० मोहिंदर कुमार सलारिया
प्राचार्य

**मान्यवर,**

वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि आदरणीय श्रीमती आशा कुमारी, उपस्थित अतिथिगण, पत्रकार बंधु, सहयोगी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों! आज के इस समारोह के शुभ अवसर पर मैं महाविद्यालय के समस्त परिवार की ओर से आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

मुख्य अतिथि महोदया के हम अत्यंत आभारी हैं जिन्होंने अपना कीमती समय निकाल कर समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि महोदया के बारे में, मैं आपको संक्षिप्त रूप में बता दूँ कि आदरणीय श्रीमती आशा कुमारी जी ने डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र से 6 बार विधायिका के रूप में निर्वाचित होकर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्रीमती आशा कुमारी जी ने 1995-1998 तक प्राथमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 2003 से 2005 तक हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया, जहाँ उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक अभूतपूर्व सकारात्मक सुधार किए।

सत्र 2024-2025 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने से पहले मैं आज के मुख्यातिथि महोदया का इस मांगलिक अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। हमें आशा है कि महाविद्यालय के विद्यार्थी आपसे प्रेरणा लेकर आपके गुणों को अपने व्यक्तित्व में ढालने का प्रयास करेंगे।

**महाविद्यालय: एक परिचय (College: An Introduction):**

प्रकृति के सुरम्य आँचल में स्थित राजकीय महाविद्यालय सलूणी की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। महाविद्यालय, जिला मुख्यालय चम्बा से लगभग 50 कि.मी. की दूरी पर MDR-98 पर स्थित और 1829 मीटर की ऊंचाई पर बसा तहसील मुख्यालय है। वर्तमान में महाविद्यालय में कला और वाणिज्य में स्नातक स्तरीय शिक्षा प्रदान की जाती है। महाविद्यालय का परिसर शांत तथा मनोरम है जहाँ पक्षियों का कलरव और हवाओं का संगीत छात्रों के अध्ययन में उमंग भरता है। महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं अपितु सपनों का भी मंच है। ग्रामीण परिवेश में स्थित यह महाविद्यालय इस क्षेत्र के युवाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करता है। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में 275 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं जिसमें 92 छात्र और 183 छात्राएं है।

**महाविद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों की संख्या (Number of Employees and Officers Working in the College):**

महाविद्यालय में प्राचार्य के 1 पद सहित शिक्षक वर्ग के 10 स्वीकृत पदों में से वर्तमान में विभिन्न विषयों के 6 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि 4 पद रिक्त हैं। गैर शिक्षक वर्ग के 20 स्वीकृत

पदों में से 08 पद रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में पुस्तकालय के लिए लाइब्रेरियन के पद सहित चार स्वीकृत पदों में से वर्तमान में सभी पद रिक्त हैं।

**परीक्षा परिणाम (Examination Result):**

| कक्षा | महाविद्यालय परिणाम वर्ष 2023-24 |
|---|---|
| कला स्नातक तृतीय वर्ष | 98 प्रतिशत |
| कला स्नातक द्वितीय वर्ष | 80 प्रतिशत |
| कला स्नातक प्रथम वर्ष | 83 प्रतिशत |
| वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष | शत प्रतिशत |
| वाणिज्य स्नातक द्वितीय वर्ष | शत प्रतिशत |

**छात्रवृत्तियां (Scholarships):**

इस सत्र में राजकीय महाविद्यालय सलूणी में कुल 54 छात्र -छात्राओं ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन किया। परिणामस्वरूप इस वर्ष महाविद्यालय के 15 विद्यार्थी सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ़ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स, 2 छात्राएं कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना, 2 विद्यार्थी सेंट्रली स्पॉन्सर्ड पोस्ट-मेट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम फॉर शेड्युल्ड कास्ट स्टूडेंट्स, 1 छात्रा सेंट्रली स्पॉन्सर्ड पोस्ट मेट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम फॉर शेड्युल्ड ट्राइब स्टूडेंट्स, 34 विद्यार्थी मुख्यमंत्री विद्यार्थी कल्याण योजना से लाभान्वित हुए अर्थात महाविद्यालय में पढ़ने वाले कुल 275 विद्यार्थिओं में से लगभग 19.63 प्रतिशत विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं जिनमें से 39 छात्राएं हैं।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं से अवगत कराने के लिए महाविद्यालय के आंतरिक गुणवता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) और स्कॉलरशिप समिति द्वारा 31 अगस्त 2024 को एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

**पुस्तकालय (Library):**

महाविद्यालय के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की 2086 पुस्तकें हैं जिसमें से विभिन्न विषयों की 440 नयी पुस्तकें इस वर्ष खरीदी गयी हैं। पुस्तकालय में प्रतिदिन 5 दैनिक समाचार पत्र, 4 मासिक पत्रिकाएं तथा 1 त्रैमासिक पत्रिका आती है, जिससे छात्रों की समसामयिक ज्ञान वृद्धि हो रही है। इस पुस्तकालय में 80 छात्र-छात्राएं एक समय में बैठ कर अध्ययन कर सकते हैं। पुस्तकालय प्रभारी डॉ सौरभ मिश्रा द्वारा पुस्तकालय का अंकरूपण

(Digitization) करने का भी यथासंभव प्रयास किया जा रहा है । बुक-बैंक सुविधा के तहत आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए महाविद्यालय के प्रवक्ताओं द्वारा निशुल्क पुस्तकें भी प्रदान की जाती हैं। इस वर्ष 30 पुस्तकें विद्यार्थियों को प्रदान की। उच्चतर शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के द्वारा 2024 में करवाए गए पुस्तकालयों की ग्रेडिंग में राजकीय महाविद्यालय सलूणी के पुस्तकालय को लेवल 1 में रखा गया है। महाविद्यालय में पुस्तकालय के लिए चार स्वीकृत पदों में से सभी पद रिक्त होने के बावजूद इस तरह का प्रदर्शन निसंदेह सराहनीय है।

**देवगाह महाविद्यालय पत्रिका (Devgah College Magazine):**

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के हृदयंगम मनोभावों को व्यक्त करने, उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को निखारने एवं उनकी स्वतंत्र लेखन की मनोवृत्ति को विकसित करने के लिए महाविद्यालय ने गत वर्ष से महाविद्यालय की पत्रिका "Devgah - A Place for Creativity" का प्रकाशन आरम्भ किया गया है, जिसकी मुख्य सम्पादिका सहायक प्राध्यापिका पिंकी देवी हैं। सम्बंधित पत्रिका 6 अनुभागों में विभाजित है जिसका विवरण सम्पादकों सहित निम्न प्रकार से है :

1. अंग्रेजी अनुभाग व हिंदी अनुभाग : श्रीमती पिंकी देवी
2. वाणिज्य अनुभाग : श्री शुभम डोगरा
3. योजना अनुभाग : श्री दिनेश कुमार
4. खेल अनुभाग : श्री गुरदेव सिंह
5. पहाड़ी अनुभाग : श्री पंकज कुमार
6. इतिहास एवं संस्कृति : डॉ सौरभ मिश्रा

**अभिभावक - शिक्षक संघ (P.T.A.):**

अभिभावक - शिक्षक संघ शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच में एक सेतु का कार्य करता है एवं शिक्षण कार्य में आ रही चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्तमान सत्र में अभिभावक - शिक्षक संघ के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:

| | |
|---|---|
| श्री दिनेश कुमार | प्रधान |
| श्रीमती विमला देवी | उप प्रधान |
| श्री दिनेश कुमार (सहायक प्रवक्ता) | महासचिव |
| श्री बिहारी लाल शर्मा | सह सचिव |
| श्री हरिंद्र कुमार | कोषाध्यक्ष |

**केंद्रीय छात्र परिषद (C.S.C.A.):**

हिमाचल प्रदेश सरकार एवं हिमाचल प्रदेश विश्विद्यालय 2024-25 के निर्देशानुसार सत्र 2024-25 के लिए केन्द्रीय छात्र परिषद के नियमानुसार निम्न पदाधिकारी मेरिट के आधार पर चुने गए :-

| | | |
|---|---|---|
| कोमल | B.A. 3rd | प्रधान |
| सूरज कुमार | B.A. 2nd | उप प्रधान |
| कीर्ति ठाकुर | B.A. 1st | सचिव |
| सानिया | B.A. 1st | संयुक्त सचिव |

**सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (I.C.T. Lab):**

महाविद्यालय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी है जिसमें वर्तमान में 33 कंप्यूटर, 1 स्मार्ट पैनल, Wi-fi की सुविधा, वेब-कैम एवं विद्यार्थियों के लाभार्थ एक लेज़र प्रिंटर भी है। कंप्यूटर का प्रवक्ता न होने के बावजूद वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक शुभम डोगरा के द्वारा विद्यार्थियों को समय-समय पर कंप्यूटर की सामान्य शिक्षा दी जा रही है।

**संगोष्ठी कक्ष (Conference Room):**

महाविद्यालय में एक संगोष्ठी कक्ष भी है जिसमें एक समय में 60 लोग बैठ सकते हैं। यह कक्ष D.L.P. प्रोजेक्टर, माइक, Wi-fi एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस है।

**उत्कृष्ट कक्षा-कक्ष (Smart Class Room):**

महाविद्यालय के कला संकाय भवन जोकि गत वर्ष हमें प्राप्त हुआ है में 9 कक्षा-कक्ष , 6 लेक्चर थिएटर हैं, जिनमें से 4 कक्षाओं को उत्कृष्ट-कक्षा के रूप में विकसित किया गया है जिसका उद्देश्य इस प्रौद्योगिकी युग में ग्राफ़िक प्रस्तुतियों एवं ऑडियो-वीडियो घटकों के माध्यम से अध्ययन-अध्यापन को रुचिकर बनाना है। इस सत्र में रूसा ग्रांट के तहत 5,52,000 रूपए से दो उत्कृष्ट कक्षाओं का निर्माण किया गया है ।

**पूर्व छात्र संगठन (O.S.A.):**

पूर्व छात्र संगठन का उद्देश्य महाविद्यालय में पूरा कर चुके छात्रों को एक मंच देना है । इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए वर्ष 2024 में पूर्व छात्र संगठन का गठन किया गया और वर्तमान में निम्नलिखित पदाधिकारी हैं:-

| | |
|---|---|
| श्री अनिल कुमार | प्रधान |
| श्री अमित कुमार | उप प्रधान |
| श्री दिनेश कुमार | सचिव |

श्री अवनीश कुमार सह सचिव

**एंटी रैगिंग सेल (Anti-Ragging Cell):**

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एंटी रैगिंग सेल कार्यरत है। वर्तमान में सहायक प्राध्यापक श्री गुरदेव सिंह इसके संयोजक है। महाविद्यालय में स्वस्थ शैक्षणिक, सहयोगात्मक, अनुशासनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने के लिए यह प्रकोष्ठ पूर्णत: प्रयासरत है। एतदर्थ महाविद्यालय में एक सुझाव/शिकायत पेटिका भी रखी गयी है, जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत कोई भी छात्र-छात्रा अपनी शिकायत डाल सकते हैं, इस पेटिका की मोनीटरिंग प्राचार्य एवं संयोजक द्वारा की जाती है ।

**लिंग सर्वेदनशीलता एवं समानता सह महिला प्रकोष्ठ (Gender Sensitization and Equity cum Women Cell) :**

सहायक प्राध्यापिका श्रीमती पिंकी देवी की देख-रेख में छात्राओं को उनके वैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सशक्त एवं स्वावलम्बी बनाना एवं लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) सम्बन्धी मामलों की जाँच हेतु यह प्रकोष्ठ निरंतर कार्यरत है। वर्तमान सत्र में महिला प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया:

- 23 नवंबर 2024 को मासिक धर्म स्वच्छता के ऊपर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कक्कड़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के ऊपर खुलकर समाज में बात रखने को प्रेरित किया एवं छात्राओं को पौष्टिक और संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताया।
- जिला कार्यक्रम अधिकारी निदेशालय महिला एवं बाल विकास हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार महिला प्रकोष्ठ के द्वारा जिला स्तरीय 'वो दिन योजना अपराजिता कार्यक्रम' के तहत मासिक धर्म विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 31 दिसंबर 2024 को किया गया ।
- 14 दिसंबर 2024 को I.Q.A.C तथा महिला प्रकोष्ठ के द्वारा "Women in Development with Special Reference to Aspirational Districts of H.P." विषय पर आभासी माध्यम से विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ रूचि रमेश प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट सोलन रही।
- 19 अक्टूबर 2024 को महिला प्रकोष्ठ द्वारा करवाचौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता तथा नेल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 8 मार्च, 2025 को महिला दिवस के उपलक्ष्य पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**<u>शारीरिक शिक्षा एंव खेल - कूद गतिविधियां (Physical Education and Sports Related Activities)</u> :**

महाविद्यालय में स्पोर्ट्स इंचार्ज न होने के बाद भी महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री गुरदेव सिंह ने इस अतिरिक्त कार्यभार को बखूबी निभाया है। इस वर्ष आउटडोर और इंडोर खेलकूद के कई उपकरण खरीदें गए हैं।

14-16 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर, जिला हमीरपुर में आयोजित अंतर-महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र प्रत्युष, बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र सूरज एवं पीयूष एवं बी.ए. तृतीय वर्ष के छात्र नागेश ने भाग लिया तथा प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। राजकीय महाविद्यालय सीमा,जिला शिमला में आयोजित अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल (पुरुष) टूर्नामेंट और राजकीय महाविद्यालय भोरंज, जिला हमीरपुर में आयोजित अंतर-महाविद्यालय वॉलीबॉल (महिला) टूर्नामेंट में महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्धन हेतु समय-समय पर महाविद्यालय में योग शिविरों का आयोजन भी होता रहा है।

**<u>रेड रिबन क्लब (Red Ribbon Club)</u>:**

रेड रिबन क्लब महाविद्यालय में एड्स के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है। वर्तमान सत्र में रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया:

- 14 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या को रेड रिबन क्लब के द्वारा फ़्लैश मॉब का आयोजन किया गया।
- 27 अगस्त 2024 को महाविद्यालय के तृतीय वर्ष के विशाल कुमार एवं हेमा, रेड रिबन क्लब के नोडल प्रभारी डॉ. सौरभ मिश्रा के साथ मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय चम्बा में आयोजित एक -दिवसीय नोडल प्रभारी एवं पीयर-एडुकेटर्स (Peer-Educators) प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।
- 21 सितम्बर 2024 को रेड रिबन क्लब द्वारा HIV/AIDS संक्रमण पर भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें S.D.P.O. सलूणी श्री रंजन शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।
- 23 नवंबर 2024 को एड्स के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कक्कड़ मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। एड्स के फैलाव के 4 प्रमुख कारणों पर विस्तारपूर्वक उन्होंने विद्यार्थियों को बताया।

- 27 नवंबर 2024 को महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ब्लॉक किहार के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- इसके अतिरिक्त 30 नवंबर 2024 को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर रील बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन एवं 5 दिसंबर 2024 को एक नाटक का मंचन एवं 28 दिसंबर 2024 को जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

**सड़क-सुरक्षा क्लब (Road-Safety Club):**

सड़क-सुरक्षा क्लब राजकीय महाविद्यालय सलूणी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया:

- रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन 7 दिसंबर 2024 को किया गया जिसमें श्री भोगिन्दर (पुलिस चौकी इंचार्ज सलूणी) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत कराया। इसी कार्यक्रम में श्री जगजीत सिंह पठानिया (चिकित्साधिकारी सलूणी) ने "Importance of Golden Hour in Case of Road Accident" विषय पर व्याख्यान किया।
- रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा 16 दिसंबर 2024 को निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- इसके अतिरिक्त 26 दिसंबर 2024 को सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर बनाओ और नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन और 30 दिसंबर 2024 को पॉवर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।
- 28 दिसंबर 2024 को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली का आयोजन एवं 6 फरवरी 2025 को सड़क सुरक्षा के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया गया।

**राष्ट्रीय कैडेट कोर (N.C.C.):**

राजकीय महाविद्यालय सलूणी में राष्ट्रीय कैडेट कोर की यूनिट 2020 से कार्यरत है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन और एकता के गुण विकसित करना है। समय-समय पर बटालियन से सेना के जवान महाविद्यालय में आकर NCC के कैडेट्स को प्रशिक्षण देते हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम वर्ष में कुल 38 विद्यार्थियों को NCC में एनरोल किया गया। इस सत्र की गतिविधियां निम्नलिखित रहीं:

- द्वितीय व तृतीय वर्ष के कुल 48 कैडेट्स ने बनीखेत में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में भाग लिया।
- द्वितीय वर्ष के कुल 28 विद्यार्थी "BEE" सर्टिफिकेट के लिए धर्मशाला में कराई गई परीक्षा में उपस्थित हुए जबकि तृतीय वर्ष के 17 कैडेट्स ऊना में कराई गई "CEE" सर्टिफिकेट की परीक्षा में शामिल हुए।

- वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कुल 8 छात्रा कैडेट्स ने आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया।
- इसके अलावा कैडेट्स ने 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया, जिसमें कैडेट्स ने भाषण , देशभक्ति गीत, कविताएं , नृत्य एवं देशभक्ति शायरी द्वारा कारगिल के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।
- 15 अगस्त 2024 को सलूणी में आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स ने मार्च पास करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।
- 26 जनवरी 2025 को सलूणी में आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स ने मार्च पास करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

**राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.):**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रोग्राम अफसर श्री पंकज कुमार के नेतृत्व और कुशल मार्गदर्शन में कार्यरत है। सत्र 2024-25 के लिए 50 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया गया। मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को दो भागों में बांटा जाता है नियमित गतिविधियां और विशेष गतिविधियां। वार्षिक शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर और सलूणी पंचायत के गोठ गांव जोकि N.S.S. इकाई का गोद लिया हुआ गांव है, में किया गया। इस बार वार्षिक शिविर का आयोजन 26 दिसंबर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक किया गया जिसमें स्वयंसेवियों के द्वारा कैमिली गांव में बावरी की सफाई की गयी, सलूणी बाजार के पास स्थित पगडण्डी की सफाई और उसका नवीनीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में अतिथि व्याख्यानों का, योग शिविरों का और जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में दीपराज और कोमल को सर्वेश्रेष्ठ स्वयंसेवी व धर्मेंदर और उमा को सर्वेश्रेष्ठ कैंपर घोषित किया गया।

नियमित गतिविधियों के अंतर्गत समय–समय पर एकदिवसीय शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसके अंतर्गत 24 सितम्बर 2024 को N.S.S. दिवस मनाया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और उसके इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक स्वयंसेवियों को जानकारी प्रदान की गयी। 'एक पौधा माँ के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके अतिरिक्त इस वर्ष स्वयंसेवियों को परिसर के एक पौधे को गोद लेने के लिए कहा गया है जिसमें उन्हें गोद लिए हुए पौधों की देखरेख करने और उन्हें समय -समय पर सिंचित करने का कार्य दिया गया है।

- 26 जनवरी 2025 को सलूणी में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने मार्च पास करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।
- 1 मार्च 2025 को राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 के अंतर्गत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय "एक राष्ट्र एक चुनाव-विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम"

था जिसमें महाविद्यालय की तरफ से साक्षी ठाकुर, स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा ने भाग लिया तथा उसका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ।

**<u>रेंजर्स एवं रोवर्स (Rangers and Rovers):</u>**

महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापिका पिंकी देवी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में रेंजर्स एवं रोवर्स ईकाई भी कार्यरत है जिसमें वर्तमान में 8 रेंजर्स और 8 रोवर्स हैं।

**<u>ईको क्लब (Eco Club):</u>**

सहायक प्राध्यापक शुभम डोगरा के निरीक्षण में महाविद्यालय के ईको क्लब के सदस्यों ने पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन एवं समय- समय पर पौधा-रोपण करके समाज को पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य बखूबी किया है ।

**<u>आंतरिक गुणवता आश्वासन सैल (I.Q.A.C.):</u>**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.) के दिशा-निर्देशानुसार सभी महाविद्यालयों में आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (Internal Quality Assurance Cell-I.Q.A.C.) का गठन करना अनिवार्य है। I.Q.A.C. का कार्य महाविद्यालय के विभिन्न शैक्षिक और प्रशासनिक क्रियाकलापों के लिए गुणवत्ता सम्बन्धी मापदंड तैयार करना और उन्हें लागू करना है। हमारे महाविद्यालय में भी इसी के अंतर्गत इसकी संरचना की गयी और वर्तमान में इसके कोऑर्डिनेटर श्री दिनेश कुमार है। इस वर्ष I.Q.A.C. की निम्नांकित प्रमुख गतिविधियाँ रही:

- 27 जुलाई 2024 को Career Counseling and Guidance Cell एवं IQAC के द्वारा महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के नए विद्यार्थियों का Orientation किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्राचार्य डॉ मोहिंद्र कुमार सलारिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।
- IQAC के द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन 13 अगस्त 2024 को किया गया जिसमें डॉ विपिन कुमार (सेवानिवृत प्राचार्य) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और छात्रों को जीवन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्त्व के बारे में अवगत कराया।
- IQAC के द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन 31 अगस्त 2024 को विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के बारे में जागरूक करना था ।
- 16 अक्टूबर 2024 को ईको क्लब एवं IQAC के द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्या वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्री बलदेव सिंह ने "Understanding Environmental Concerns of Mountains and Role of Youth in its Conservation" विषय पर व्याख्यान दिया।
- 19 अक्टूबर 2024 को ईको क्लब एवं IQAC के द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्या वक्ता के रूप में श्री नीरज गुलेरिया ने "Introduction to

Environmental and Agricultural Education and Research System in India” विषय पर व्याख्यान दिया।

- IQAC के द्वारा सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को Students Day के रूप में मनाया गया।
- 10 से 12 मार्च 2025 को IQAC के द्वारा 3 दिन का Field Experience Sharing cum Annual Research Seminar का आयोजन किया गया जिसमें सभी विधार्थियों ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

**<u>मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ (Career and Guidance Cell):</u>**

छात्रों को स्नातक के बाद दी जाने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे U.G.C. नेट, C.U.E.T, P.G. Entrance, B.Ed. Entrance, H.A.S., U.P.S.C. आदि के प्रति प्रेरित करना और उनका इस ओर रुझान विकसित करने का कार्य यह प्रकोष्ठ सहायक प्राध्यापक गुरदेव की देखरेख में बखूबी कर रहा है। समय-समय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा महाविद्यालय में आकर छात्रों का मार्गदर्शन किया जाता रहा है। इस सत्र मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ की निम्नलिखित गतिविधियां रहीः

- हिमाचल प्रदेश सरकार के द्वारा 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए जारी किये गए अकादमिक कैलेंडर का अनुपालन करते हुए 3 जून 2024 से 15 जून 2024 के मध्य महाविद्यालय ने 10+2 उत्तीर्ण छात्रों के लिए महाविद्यालय में प्री- एडमिशन काउंसलिंग का आयोजन किया है और पोस्ट एडमिशन काउंसलिंग का आयोजन भी 16-19 जुलाई 2024 को किया गया था।
- राजकीय महाविद्यालय सलूणी के सभी प्रवक्ता दिनांक 13 फरवरी 2025 से 17 फरवरी 2025 तक महाविद्यालय के गोद लिए हुए परिधीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में जाकर वहां विद्यार्थियों को **“12वीं के बाद क्या?”** विषय पर मार्गदर्शन किया और स्नातक में अपने कौशल, अभिरुचि तथा रोजगार के समुचित अवसरों को ध्यान में रखते हुए विषयों का चुनाव करने के लिए अभिप्रेरित किया। **"What GDC Salooni is offering you"** विषय पर अभिभाषण देते हुए महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने सिंगाधार, टिकरू, खडार, डीऊर, सलूणी, मंजीर, सुरंगानी, हिमगिरि तथा किहार विद्यालय के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए सलूणी महाविद्यालय का चुनाव करने को प्रेरित किया।
- 14 दिसंबर 2024 को मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ के द्वारा “Alternative Livelihood options in the era of Internet for transformation of Aspirational to Inspirational Chamba of Bharat” विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता श्री अवि मल्होत्रा फ्रीलांसर तथा Youtuber रहे।

**कामधेनु चेयर एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट समिति (Kamdhenu Chair and Research and Development Cell):**

महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संगोष्ठी, परिसंवाद, संकाय संवर्द्धन कार्यक्रम (F.D.P.), वर्कशॉप आदि में भाग ले रहे हैं और उनमें अपने शोधपत्रों को प्रस्तुत कर रहे हैं। महाविद्यालय के छात्रों को भी प्रत्येक विषय से संबंधित सर्वे, फील्ड वर्क, रिपोर्ट लेखन आदि का कार्य दिया जाता है जिससे उनमें शोध अभिक्षमता का विकास हो।

इस वर्ष महाविद्यालय ने IECSME- Kamdhenu Chair के साथ मिलकर छात्रों को रिसर्च और सर्वे आधारित कार्य "Understanding Socio-Economic and Cultural Status of Salooni Tehsil" दिया गया था जिसमें छात्रों को समूहों में विभाजित गया था। प्रत्येक छात्र को इस असाइनमेंट के लिए सलूणी तहसील की विभिन्न पंचायतों एवं गाँवो में से दस (10) उत्रदाताओं और कुल 275*10 = 2750 से सम्पर्क किया। इसकी अंतिम रिपोर्ट पर कार्य चल रहा है।

**छात्र सहायता प्रकोष्ठ (Student Aid Cell):**

छात्रों की शैक्षणिक यात्रा में सहायता प्रदान करने हेतु गत वर्ष 21 मई 2024 को राजकीय महाविद्यालय सलूणी के प्राचार्य डॉ मोहिन्द्र कुमार सलारिया के दिशा- निर्देशानुसार छात्र सहायता प्रकोष्ठ की स्थापना की गई थी। वर्तमान में यह प्रकोष्ठ सहायक आचार्य श्री शुभम डोगरा की देख-रेख में कार्य कर रहा है ।इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में आवश्यक सहायता प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना है कि वित्तीय कठिनाइयाँ उनकी उच्च शिक्षा की आकांक्षाओं में बाधा न डालें। इस वर्ष 2 छात्रों ने छात्र सहायता प्रकोष्ठ से लाभ प्राप्त किया है।

**हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय यूथ फेस्टिवल (Himachal Pradesh University Youth Festival):**

प्रत्येक वर्ष हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध सभी राजकीय महाविद्यालयों के छात्रों के रचनात्मक कौशल अभिव्यक्ति के लिए युवा महोत्सव आयोजित होता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इसमें बढ़-चढ़ कर सभी चारों समूहों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाता है।

**मध्यावधि परीक्षा एवं शैक्षणिक अभिलेख रख-रखाव (Mid-Term Examination and Academic Record Maintenance):**

हिमाचल प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, सरदार पटेल विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में छात्रों के सतत मूल्यांकन (CCA) के लिए आतंरिक मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक श्री गुरदेव सिंह जो कि परीक्षा नियंत्रक की भूमिका निभा रहे हैं। सभी विषयों में Mid-Term Examination का आयोजन करके प्रत्येक छात्र-छात्राओं को मूल्यांकित करके अंक दिए जाते हैं जिन्हें प्राचार्य कि संस्तुति के बाद सम्बंधित विश्वविद्यालयों के पोर्टल पर दर्ज किया जाता है ।

## विभागीय गतिविधियां (Departmental Activities):

**इतिहास विभाग (Department of History):**

कला स्नातक में इतिहास विषय के 2 उप-विषय 'भारतीय कला- एक परिचय' और 'ऐतिहासिक पर्यटन' के पाठ्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग हैं जिसके अंतर्गत चम्बा, मंडी और काँगड़ा में स्थित मंदिरों की निर्माण शैली का अध्ययन किया जाये और किसी संग्रहालय का भ्रमण करके वहां संग्रहित पुरातात्विक अवशेषों और स्रोतों का अवलोकन किया जाये। इसी के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सलूणी के इतिहास विषय के 45 छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर दिनांक 2 मार्च से 4 मार्च 2025 को जिला कांगड़ा गए। इस दौरान वे सर्वप्रथम 2 मार्च 2025 को राजकीय महाविद्यालय सलूणी से प्रस्थान करके शाम को शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर पहुंचे। यहां इतिहास के प्रवक्ता श्री सौरभ मिश्रा ने उन्हें शक्तिपीठ का इतिहास जैसे यहां फिरोजशाह तुगलक और सिकंदर लोदी के आक्रमण और अकबर द्वारा चढ़ाये गए स्वर्ण छत्र और मंदिर के गुंबद आकार शैली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अगले दिन दिनांक 3 मार्च को सभी विद्यार्थियों ने हिमाचल के एलोरा कहे जाने वाले मसरूर रॉक कट मंदिर का भ्रमण किया। इसके बाद छात्रों ने अपराजेय दुर्ग माना जाने वाले कांगड़ा के प्रसिद्ध किले को देखा। वहां स्थित संसारचंद संग्रहालय में छात्रों ने पुरातात्विक अवशेषों जैसे सिक्कों, अभिलेख, चित्रकला आदि के बारे में जाना। शाम को विद्यार्थियों ने शक्तिपीठ ब्रजेश्वरी देवी के दर्शन किए। शैक्षणिक भ्रमण का अंत दिनांक 4 मार्च 2025 को हुआ।

**राजनीतिक विज्ञान (Department of Political Science):**

संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में 26 नवम्बर 2024 को भारतीय संविधानकी प्रस्तावना का सामूहिक उद्वाचन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के सहयोग से भारतीय संविधान के विषय पर राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता गुरदेव सिंह के द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

**हिंदी विभाग (Department of Hindi):**

राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रचार -प्रसार को बढ़ावा देने के लिए हमारे महाविद्यालय का हिंदी विभाग हर वर्ष 14 सितम्बर को हिंदी दिवस का आयोजन करता है। इसी शृंखला के अंतर्गत 14 सितम्बर 2024 को हिंदी दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उप मंडलाधिकारी सलूणी श्री नवीन शर्मा उपस्थित रहे। इसमें प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

13 सितम्बर 2024 को हिंदी विभाग के 3 छात्र साक्षी ठाकुर स्नातक द्वितीय वर्ष, धर्मेन्दर स्नातक तृतीय वर्ष तथा क्षितिज स्नातक तृतीय वर्ष ने राजभाषा एवं संस्कृति विभाग शिमला के द्वारा आयोजित राजभाषा पखवाड़ा में क्रमशः भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।

हिंदी विभाग ने 9 दिसंबर 2024 को जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में अंतर जिला यशपाल जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता तथा कविता पाठ, मुसादा गायन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार सहायक प्राध्यापक हिंदी राजकीय महाविद्यालय चंबा ने मुख्य अतिथि, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, डॉ. संजीव कुमार सहायक प्राध्यापक चंबा, प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय सलूणी तथा संस्कृत महाविद्यालय चंबा के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**वाणिज्य विभाग (Department of Commerce):**

5 अक्टूबर 2024 को वाणिज्य विभाग के द्वारा वित्तीय प्रबंधन पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता एचडीएफसी बैंक सलूणी के शाखा प्रबंधक श्री विनीत कुमार जी ने छात्रों को आए दिन होने वाले ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क करवाया और साथ ही वित्तीय निवेश की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

14 दिसंबर 2024 को वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा “अर्थव्यवस्था और डिजिटल साक्षरता” विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसबीआई शाखा प्रबंधक सलूणी, अंकुर जायसवाल ने युवाओं को आधुनिक वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता के लाभ के बारे में जानकारी दी।

3 मार्च 2025 को वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों ने धर्मशाला में स्थित प्रमुख धर्मशाला चाय फैक्ट्री का औद्योगिक दौरा वाणिज्य विषय के प्राध्यापक श्री शुभम डोगरा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को चाय उत्पादन की प्रक्रिया और उद्योग में उपयोग

की जाने वाली आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी देना था। छात्रों ने फैक्ट्री के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया, जहाँ उन्हें चाय पत्तियों की कटाई, प्रसंस्करण और पैकेजिंग की विधियों के बारे में बताया गया। फैक्ट्री के प्रबंधकों ने छात्रों को चाय उद्योग की महत्वपूर्ण चुनौतियों और अवसरों के बारे में भी जानकारी दी।

**अर्थशास्त्र विभाग (Department of Economics):**

5 अक्टूबर 2024 को अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा वित्तीय प्रबंधन पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता एचडीएफसी बैंक सलूणी के शाखा प्रबंधक श्री विनीत कुमार जी ने छात्रों को आए दिन होने वाले ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क करवाया और साथ ही वित्तीय निवेश की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

14 दिसम्बर 2024 को अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत युवाओं के लिए वितीय और डिजिटल साक्षरता पर आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता श्री अंकुर जयसवाल प्रबंधक SBI सलूणी रहे जिन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

**कैंपस आउटरीच प्रोग्राम (Campus Outreach Program):**

उच्च शिक्षा निदेशालय के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय सलूणी के द्वारा महाविद्यालय के परिधीय विद्यालयों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिकरू, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किहार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिउर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिंगाधार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंजीर, राजकीय उच्च पाठशाला खडार को गोद लिया गया तथा उनके साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।

Campus Outreach Program के तहत राजकीय महाविद्यालय सलूणी के सभी प्रवक्ता दिनांक 13 फरवरी 2025 से 17 फरवरी 2025 तक महाविद्यालय के गोद लिए हुए परिधीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में जाकर वहां के विद्यार्थियों को **"12वीं के बाद क्या?"** विषय पर मार्गदर्शन किया और स्नातक में अपने कौशल, अभिरुचि तथा रोजगार के समुचित अवसरों को ध्यान में रखते हुए विषयों का चुनाव करने के लिए अभिप्रेरित किया।" **What GDC Salooni is offering you"** विषय पर अभिभाषण देते हुए महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने सिंगाधार, टिकरू, खडार, डीयूर, सलूणी, मंजीर, सुरंगानी हिमगिरि ,तथा किहार विद्यालय के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए सलूणी महाविद्यालय का चुनाव करने को प्रेरित किया।

**जीवन कौशल और विशेष व्याख्यान शृंखला (Life Skills and Special Lecture Series):**

8 नवंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सलूणी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एन डी आर एफ) की टीम ने छात्रों को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से निपटने के तरीके सिखाए। NDRF 14th बटालियन जसूर , कांगड़ा हिमाचल प्रदेश की टीम ने महाविद्यालय के

छात्रों को प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा से बचने के लिए छात्रों को कई तरीके सिखाए। टीम प्रभारी राजेश कुमार और उनकी टीम ने छात्रों को भूकंप, बाढ़, जैसी आपदा में घायल लोगों को प्राथमिक उपचार, बैंडेज, स्प्लिंट, स्ट्रेचर बनाना तथा अग्नि शामक यंत्रों का प्रयोग कैसे करें। इसके अलावा CPR , श्वास नली अवरूद्ध होने पर प्राथमिक उपचार , घायल लोगों की मदद करने के उपायों का प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने बताया कि छात्रों को आपदा के समय धैर्य बनाए रखना है।

प्रत्येक शनिवार को छात्र दिवस के रूप में मनाते हुए गत वर्ष महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विशेष व्याख्यानों का आयोजन किया गया है।

**महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की 2024-25 शैक्षणिक सत्र की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:**

- महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्रवक्ता श्रीमती पिंकी देवी ने 1 सितम्बर 2024 को भाषा एवं संस्कृति विभाग चम्बा द्वारा जिला स्तरीय राजभाषा हिंदी पखवाड़ा में निर्णायक की भूमिका निभाई।
- 23 सितम्बर 2024 से 4 अक्टूबर 2024 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय तथा ICSSR द्वारा आयोजित **“Capacity Building Program for Young Faculty in Social Sciences”** में श्रीमती पिंकी देवी और अर्थशास्त्र के प्रवक्ता श्री दिनेश कुमार ने भाग लिया।
- 25-26 नवंबर 2024 को राजकीय महाविद्यलय भोरंज द्वारा आयोजित 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में **"मृदुला गर्ग के साहित्य में नारी चेतना: कठगुलाब के सन्दर्भ में"** विषय पर श्रीमती पिंकी देवी ने शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- 17-18 March 2025 को Indian Economic Association तथा राजकीय महाविद्यलय बनीखेत द्वारा आयोजित 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में **"चम्बा जिले में गद्दी समुदाय के पारम्परिक भेड़ पालन पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव: चुनौतियों एवं अनुकूलन रणनीतियां"** विषय पर श्रीमती पिंकी देवी ने शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- 17-18 March 2025 को Indian Economic Association तथा राजकीय महाविद्यलय बनीखेत द्वारा आयोजित 2 दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में **"Trend Analysis of Area Production and Productivity of Apple Apple Fruit in Himachal Pradesh”** विषय पर अर्थशास्त्र के प्रवक्ता श्री दिनेश कुमार ने शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- 8 मार्च 2024 को श्री रेणुकाजी राजकीय महाविद्यालय द्वारा **“Empowered Women, Empowered Economy”** विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद में श्रीमती पिंकी देवी और अर्थशास्त्र के प्रवक्ता श्री दिनेश कुमार ने भाग लिया।

- गाँधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट द्वारा **“Literature, Culture and Society”** विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद में श्रीमती पिंकी देवी ने भाग लिया।
- इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले के उपलक्ष्य में प्रकाशित होने वाली पत्रिका मिंजर स्मारिका में श्रीमती पिंकी देवी का आलेख **“चुराह का अनमोल रत्न: चांजू माता मंदिर”** प्रकाशित हुआ।
- राजकीय महाविद्यालय सलूणी के वाणिज्य संकाय के प्रवक्ता श्री शुभम डोगरा ने 30 सितम्बर 2024 से 29 नवंबर 2024 तक दिल्ली विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रामानुजन कॉलेज से **"Fundamentals of G.S.T."** नामक सर्टिफिकेट कोर्स किया और ग्रेड A प्राप्त किया।
- महाविद्यालय के इतिहास के प्रवक्ता सौरभ मिश्रा का शोध पत्र **“The Tana Bhagat Movement”** U.G.C. CARE लिस्टिड शोध पत्रिका **‘आश्वस्त’** के फ़रवरी 2025 के अंक में प्रकाशित हुआ। साथ ही उनका शोधपत्र **“Tribal Politics in Chotanagpur during 1935-47”** U.G.C. CARE लिस्टिड शोध पत्रिका **“Tribal Studies: A Journal of COATS”** के दिसंबर 2024 के अंक में प्रकाशित हुआ।
- महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य श्री गुरदेव ने 30 सितम्बर 2024 को राजकीय महाविद्यालय पांगी में आयोजित 7 दिवसीय कार्यशाला में **“Incorporation of I.C.T. tools and latest technologies in NAAC Criteria 2 i.e. Teaching-Learning and Evaluation to reduce Carbon Footprint”** विषय पर स्रोत वक्ता के रूप में विशेष व्याख्यान दिया।
- वाणिज्य संकाय के श्री पंकज कुमार ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के रीजनल सेण्टर धर्मशाला में 7-8 मार्च 2025 को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में **“Understanding Implementation of Goods and Service Tax : Dealer’s Perspective”** विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त वे गत वर्ष Jaypee University of Information and Technology वाकनाघाट में आयोजित 2 दिवसीय N.S.S. प्रशिक्षण में 18-19 जून 2024 में सम्मिलित हुए।

**महाविद्यालय के छात्रों की 2024-25 शैक्षणिक सत्र की निम्नलिखित उपलब्धियां रही:**

- बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अपर्णा और सविता तथा बीए द्वितीय वर्ष के छात्र मनोज का चयन युवा संगम चरण 5 में हुआ जिसके अंतर्गत वे सभी तेलंगाना की यात्रा पर 28 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक गए थे। इस कार्यक्रम में हिमाचल से कुल 50 विद्यार्थी चयनित हुए थे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया युवा संगम भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य युवाओं को विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा और इतिहास से अवगत कराकर विविधता में एकता को बढ़ावा देना है।

- महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष के छात्र धर्मेंदर, साहिल, दिनेश, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र पीयूष और बीए प्रथम वर्ष के छात्र प्रत्यूष ने मॉडल फ्लोरीकल्चर सेण्टर चैल, जिला सोलन में हिमाचल पुष्प क्रांति योजना के अंतर्गत वाणिज्यिक पुष्पोत्पादन विषय पर आयोजित 5 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में दिनांक 16 सितम्बर 2024 से 21 सितम्बर 2024 तक भाग लिया था।
- इस वर्ष महाविद्यालय के 5 विद्यार्थी वनमित्र, 5 अग्निवीर, दो पूर्व छात्र पीजीटी में शामिल हुए तथा 3 छात्र HPU, 10 से अधिक छात्र अन्य महाविद्यलयों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

**<u>गत वर्ष में किये गए विकासात्मक कार्य:</u>**

- 14 सितंबर 2024 को, राजकीय महाविद्यालय सलूणी और इंडो यूरोपियन चैंबर ऑफ स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य विकास खंड सलूणी की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना और महाविद्यालय के छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुकूल पेशेवर के रूप में तैयार करना है, जिससे वे रोजगार के लिए बेहतर तरीके से सक्षम हो सकें। इस पहल से न केवल स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी, बल्कि छात्रों के लिए भी नए अवसरों का सृजन होगा, जो उन्हें उनके करियर में आगे बढ़ने में मदद करेगा।
- इस वर्ष प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों और संस्कृत महाविद्यालयों में गुणवत्ता और सुधार लाने के उद्देश्य से पहली बार करवाई गयी इंटरनल रैंकिंग में राजकीय महाविद्यालय सलूणी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। ओवरऑल टेंटेटिव रैंकिंग में महाविद्यालय का प्रदेश के 141 राजकीय महाविद्यालयों में 65 रैंक है। टियर ||| जिनमें वे 66 महाविद्यालय शामिल किये गए थे जिनमें छात्रों की संख्या 500 से कम है में राजकीय महाविद्यालय सलूणी ने 9वां स्थान प्राप्त किया है।
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने दिनांक 16 जनवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय सलूणी को स्थायी सम्बद्धता प्रदान की है।
- महाविद्यालय में इस वर्ष विद्यार्थियों कि खेल सुविधा प्रदान करने के लिए बैडमिंटन कोर्ट व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण किया गया ।

**महाविद्यालय की प्रमुख मांगें :**

अत्यन्त सम्मान के साथ, आप से विनम्र निवेदन है कि राजकीय महाविद्यालय सलूणी की PTA कार्यकारिणी एवं कॉलेज छात्र केन्द्रीय संघ (सी.एस.सी.ए.) द्वारा उठाई गई निम्मलिखित मांगों की ओर आपका ध्यान आकर्षित करवाना चाहते हैः

- **महाविद्यालय में खाली प्राध्यापक पदों की पूर्तिः** भूगोल और संगीत (वाद्य) के प्राध्यापकों के पद लंबे समय से खाली हैं, जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। कृपया सरकार से इन पदों को शीघ्रता से भरने का अनुरोध करें।
- **विज्ञान संकाय को आरन्भ करना:** वर्तमान शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, आगामी सत्र से विज्ञान संकाय को शुरू करने का आग्रह है।

माननीय महोदया, हमारे महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ आपके समक्ष महत्वपूर्ण निम्नलिखित मुद्दे प्रस्तुत करते हुए उनके शीघ्र समाधान की प्रार्थना करते हैः

- **स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरुआत:** महाविद्यालय में इतिहास, राजनीति शास्त्र और हिन्दी में एम.ए. की कक्षाएँ आरंभ करने की कृपा करें। यह विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक अवसरों को बढ़ावा देगा।
- **स्टूडेंट सेंटर का निर्माण:** विद्यार्थियों के लिए कैंटीन और अन्य सुविधाओं से सुसज्जित एक स्टूडेंट सेंटर का निर्माण अति आवश्यक है।
- **परिवहन सुविधा:** परिवहन सुविधा के अभाव के कारण विद्यार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः सलूणी-टिकरू रूट पर सुबह और शाम, महाविद्यालय समयानुसार बस सेवा प्रारंभ करने का अनुरोध है।
- **स्थानांतरित विषयों की बहाली:** महाविद्यालय से समय-समय पर कई विषय हटाए गए हैं जिनमें से समाजशास्त्र, लोक-प्रशासन, पत्रकारिता, जन-संचार, पर्यटन और संगीत (वाद्य) हैं, हम अनुरोध करते हैं कि इन विषयों को पुनः आरंभ करने की कृपा करें।
- **चारदीवारी का निर्माण:** महाविद्यालय में चारदीवारी न होने के कारण सुरक्षा संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु चारदीवारी का निर्माण आवश्यक है।

हम आशा करते हैं कि आप इन मुद्दों पर शीघ्र विचार करेंगी और इन्हें संबोधित करने हेतु संबंधित प्राधिकरणों के समक्ष प्रस्तुत करेंगी। आपके प्रयास विद्यार्थियों और महाविद्यालय के उज्जवल भविष्य के लिए अत्यंत मूल्यवान होंगे।

**धन्यवाद ज्ञापन:**

अंत में, मैं इस समारोह के मुख्य अतिथि महोदया का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ कि आपने अपना बहुमूल्य समय निकालकर अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाकर, अपने ओजस्वी वक्तव्य से हमारे छात्रों को उपकृत किया। अतः पुनः महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका आभार सहित कोटिशः धन्यवाद।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणमान्य महानुभव, महाविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के प्रति भी अपनी विशेष कृतज्ञता प्रकट करता हूँ कि आप सभी के सामूहिक सहयोग से ही हमारे महाविद्यालय का यह "वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह" सफल हुआ है। इसलिए, आप सभी साधुवाद और धन्यवाद के पात्र हैं। मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी महाविद्यालय परिवार की कर्त्तव्य निष्ठा व सहयोग से हमारा महाविद्यालय उन्नति पथ पर निरंतर अग्रसर होता हुआ; शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर अपनी अमिट छाप छोड़ता रहेगा।

धन्यवाद।